have already established a separate body, the Central Inland Water Transport Commission. They are looking into it as to how far the water-way can be utilised between the various parts of the country. Then regarding the development of Calcutta Port, I may tell the honourable Member that the whole concept of Haldia Port is to remove the deficiencies of Calcutta Port; it is only for that Haldia is coming up and is expected to be commissioned before the middle of 1975. Regarding the third thing which Mr. Ganguli pointed out, perhaps it is not within the purview of the present discussion, but anyway, the Government is very much alive to the problem of getting adequate fresh water for the survival of Calcutta Port. These points are being discussed at various levels.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIPINPAL DAS): The question is:

"That the Bill be passed".

*The motion was adopted.*

---

## THE UNIVERSITY OF HYDERABAD BILL, 1974

THE MINISTER OF EDUCATION SOCIAL WELFARE AND CULTURE (PROF S. NURUL HASAN): Sir, I beg to move—

"That the Bill to establish and incorporate a teaching University in the State of Andhra Pradesh and to provide for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, this Bill has arisen out of a decision that was taken as a part of the Six-Point Formula regarding the State of Andhra Pradesh, and it was in this connection that the honourable House will recall that the Constitution was amended and Article 371E was added to the Constitution and ratified duly by the requisite number of States which has come into force, which gives to the Parliament the authority to establish a Central University in the State of Andhra Pradesh. In connection with this particular Amendment I would submit that it has come into effect only recently, with effect from July 1, 1974—this Amendment to the Constitution—and therefore the Government has taken the earliest possibly opportunity of coming before Parliament with this particular Bill. There is a strong feeling in the State of Andhra Pradesh that the University should be established without any delay whatsoever. There is a further desire that the University should start functioning as soon as possible. When this decision was first taken, I had appointed a committee under the chairmanship of Dr. George Jacob, Chairman of the University Grants Commission, which went into the various aspects of the problem about the character of the University, about its jurisdiction, and so on. The committee made a number of recommendations not only with regard to the nature of the University itself but what type of academic activities it should undertake, etc. and it has also prepared the draft of the legislation, the main points of the legislation. I would like to express my appreciation of the efforts of Dr. Jacob and his colleagues in doing this work for us in a very, very, short time. This Bill has a number of interesting features which are rather different from some of the other Universities. I would briefly mention some of those. The Bill is already before the honourable Members and I am sure it must have been studied.

The first major point is that it is going to be a unitary university and that it would not affiliate any institutions. However, there is one point which I would like to clarify that we have put in a new idea in this Bill which was not recommended by the Jacob Committee and that was the university should be authorised to set up other campuses, if it so desires, outside Hyderabad, but within the State of Andhra Pradesh. This we did because the whole concept is that the University will take up interdisciplinary studies, which I shall refer to in a few minutes, and may therefore find it desirable to set up one or two other campuses. But these campuses will be of the University, will be the integral parts of the University and will not affect in the least its unitary character.

[Prof. S. Nurul Hasan]

The next point is that while we have provided that this University will be open to all classes, castes and creeds, the only reservation which it has been empowered to do is in favour of the weaker sections of the community, particularly, Scheduled Castes and Tribes. By specifically making this provision, we hope that this University will cater to the needs of the weaker sections more carefully than the other Universities have been doing.

The historical circumstances in which this University is being established are such that there are some sizeable sections of the population or people living in Hyderabad who are finding it difficult to provide higher education to their children. The experience of other Central Universities has shown that the overwhelming majority of students in a Central University comes from the region where the University is located. Not only in Delhi, but also in Aligarh, Banaras, Viswa Bharati and North Eastern Hill University this has been our experience. Therefore, we are not making any provision for reservation on the grounds of place of residence or place of birth. I hope that this University will add to the total educational facilities available in Hyderabad and will specially provide opportunities to those who are finding it difficult to get admission into the State Universities and institutions of Hyderabad to come and study here. At the same time we are also thinking of the long-range developments. We feel that this University must add to the total academic and research resources of the country. For this purpose we have provided for avenues of collaboration between this University and the other institutions of higher learning, particularly, those which are being financed by the Central Government. As you know, in Hyderabad there are a number of extremely fine research institutes which are financed by the Central Government. There is the Central Institute of English and Foreign Languages financed by the Ministry of Education. There is the Regional Research Laboratory and there is the National Geophysical Laboratory financed by the CSIR and the Ministry of Science and Technology. There is the Central Nutrition Laboratory. There are thus any number of very fine research institutions. I hope it will be possible for this University to cooperate and to collaborate with these research institutions as well as with any other institutions of higher learning which may be there in Hyderabad or in any other part of the country.

Sir, the Visitor, as in the case of all Central Universities, will be the President of India. As again in the case of the University of Aligarh where the Governor of U.P. is the Chief Rector. we are providing that the Governor of the State of Andhra Pradesh shall be the Chief Rector of this University. And, Sir, this would provide a linkage with the State of Andhra Pradesh and the University.

Sir, we have brought into this University again the concept of a high-power Planning Board as was first decided by this honourable House in the case of the Jawaharlal Nehru University and, after that, it has been accepted in the case of the North-Eastern Hill University and this is being introduced in this University also. We want inter-disciplinary studies and that is why we are visualising schools of study rather than different departments and faculties. All the other provisions, Sir, are more or less on the same lines as have already been approved in the case of the North-Eastern Hill University which this House had approved.

Sir, in respect of some of the matters, we are not providing for a detailed structure yet because we want deliberately to give flexibility to the University in order that it may decide, the Planning Board may decide, what are going to be the schools and what are going to be the patterns of inter-disciplinary studies, how the problems which are of national importance or of importance for the development of the region, how they are going to be tackled and so on. Therefore, Sir, the structure will have to be finalised later and we hope that it will be done within 3 years and we have made provisions for detailed statutes to be made in three years so that they may be placed before both the Houses of Parliament. If the honourable members wish to discuss them, I have no doubt that the Government will be

forthcoming and would be quite prepared to have a detailed discussion.

Sir, we are also wanting and visualising at least that there should be a new system of evaluation. Therefore, the old regulations, the old provisions of the University, in respect of the examination system have been modified and here it is visualised that the University may have either a system of examinations in the sense in which they are usually understood or any other method of evaluation which may be in consonance with the modern academic thinking.

Sir, with these words, I request that the Bill be taken into consideration.

*The question was proposed.*

**श्री राजनारायण** (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, मैं आप की आज्ञा से यह संशोधन प्रस्तुत करता हूं :

"आंध्र प्रदेश राज्य मे शैक्षणिक विश्वविद्यालय की स्थापना और निगमन करने के लिए और उस से संबंधित या उस के आनुषंगिक विषयों का उपबन्ध करने के लिए विधेयक को, जिस रूप मे वह लोक सभा द्वारा पारित किया गया है, राज्य सभा की एक प्रवर समिति को, जिसमें निम्नलिखित दस सदस्य होंगे :

1. श्री भैरों सिंह शेखावत
2. श्री प्रकाशवीर शास्त्री
3. श्री डा० रामकृपाल सिंह
4. श्री महादेव प्रसाद वर्मा
5. श्री रबी राय
6. श्री जगबीर सिंह
7. श्री जी० लक्ष्मणन्
8. श्री एन० एच० कुम्भारे
9. श्री विश्वनाथ मेनन
10. श्री राजनारायण

इस अनुदेश के साथ सौंपा जाय कि वह एक महीने के भीतर प्रतिवेदन दे दे" ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIPINPAL DAS) : Have you taken their consent?

**श्री राजनारायण** : जब तक आप को कोई यह न बताये कि हमारी कमेंट नहीं है तब तक चेयर को पूछने की आवश्यकता नहीं है। वर्ल्ड की पार्लियामेंटरी हिस्ट्री में चेयरमैन ने कहीं नहीं पूछा है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIPINPAL DAS) : I am just asking for information.

**श्री राजनारायण** : इस की आपको जरूरत नही है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIPINPAL DAS) : All right.

*The question was proposed.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIPINPAL DAS) : Yes, Dr. Sinha.

**श्री रामकृपाल सिंह** (बिहार) : श्रीमन् अभी जो हैदराबाद में केन्द्रीय विश्वविदयालय स्थापित करने का विधेयक प्रस्तुत किया गया है, इस विधेयक से यह ज्ञात नहीं होता कि सरकार शिक्षा में कोई नयी दृष्टि ले कर, कोई क्रान्तिकारी विचार ले कर देश के सामने कोई नयी बात रख रही है।

प्रथम बात तो यह है कि अपने देश में केन्द्रीय सरकार ने अब तक जितने भी विश्वविद्यालयो का घठन किया है यानी केन्द्रीय विश्वविद्यालय चल रहे है वह एक प्रकार के सफेद

[श्री रामकृपाल सिंह]

हाथी है। सभी प्रकार के आदर और भाव व्यक्त करते हुए मैं यह कहना चाहूंगा कि सरकार की ओर से साल मे हम विश्वभारती विश्वविद्यालय पर या जवाहरलाल विश्वविद्यालय जो दिल्ली मे है उस पर जितना खर्चा करते हैं और उस खर्चे के अनुपात में शिक्षकों के ऊपर जो खर्चा है, विश्वविद्यालय की व्यवस्था पर जो खर्चा है, उस अनुपात मे जितने छात्र विश्वविद्यालय की शिक्षा का उपयोग और उपभोग करते हैं, वह नगण्य है। ऐसे विश्वविद्यालयों में छात्रों का कोई आकर्षण नही दिखाई पड़ रहा है और इसलिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के प्रबन्ध और खर्चे के भार को देखते हुए उसकी उपलब्धि को यदि आंका जाए तो दिखाई पड़ेगा कि यह सफेद हाथी है।

दूसरी बात यह है कि सरकार ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई सैद्धान्तिक आधार तैयार नहीं किया है। किसी भी राज्य मे, किसी भी राजनीतिक उद्देश्य की सिद्धि के लिए एक विश्वविद्यालय की स्थापना केन्द्रीय सरकार कर बैठती है। जवाहरलाल विश्वविद्यालय की स्थापना राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए की गई और आज जो हैदराबाद मे केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने का बिल आया है यह किसी शिक्षा के उद्देश्य मे प्रेरित होकर नही है वरन यह राजनीतिक उद्देश्य की सिद्धि के लिए है। यह दुःख की बात है। मैं चाहूंगा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने मे पूर्व एक सिद्धान्त तय किया जाए। असम के हिस्से हैं, बिहार के पिछडे इलाके है, मध्य प्रदेश के पिछड़े इलाके है, आंध्र के पिछड़े इलाके है, राजस्थान के पिछडे इलाके है यानि आदिवासी या हरिजन या पिछड़े लोगों के इलाके में हो सकता है किसी खास उद्देश्य से, खास विश्वविद्यालय जैसी कोई इंडस्ट्रीज डिसिप्लिन के आधार पर खड़ा करे या कोई विश्वविद्यालय किसी खास औद्योगिक क्षेत्र मे खड़ा किया जा सकता है यानी किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए किसी खास क्षेत्र में जहां राज्य सरकारों के द्वारा विश्वविद्यालय नहीं स्थापित किये जा सकते हैं, केन्द्रीय सरकार वहां पहुंच कर स्थापित कर सकती है। तो राजनीतिक उद्देश्यों मे प्रेरित होकर नहीं, शिक्षा और देश की स्थानीय आवश्यकताओं को आधार बना कर एक सिद्धान्त को आधार लेकर केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना होनी चाहिए।

तीसरी बात मै यह कहना चाहता हूं कि इतने वर्ष हो गये आज अपने देश में 95 विश्वविद्यालय है और 5 या 6 ऐसी संस्थायें हैं जिनका स्तर विश्वविद्यालयों का माना जाता है। 30 लाख मे अधिक छात्रों को ये विश्वविद्यालय शिक्षा दे रहे हैं। लेकिन आप देखें कि हमारी उपलब्धि क्या है, हमारा उद्देश्य शिक्षा का क्या है यह तय नहीं हुआ। जितने भी मनीषी और राजपुरुष हुए -- डा० राधाकृष्णन कमीशन की रिपोर्ट आई कि विश्वविद्यालय शिक्षा की व्यवस्था बदलें, श्रीमती इंदिरा गांधी ने भी कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा पद्धति बदलनी चाहिए, डा० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा पद्धति बदलनी चाहिए, श्रद्धेय जाकिर हुसैन साहब ने कहा कि शिक्षा पद्धति बदलनी चाहिए और सबसे बडी बात तो यह कि गांधी जी ने शिक्षा पद्धति क्या हो इसके बारे में पूरा अपना एक

सुझाव ही दिया है — लेकिन सब लोगों ने कहा कि शिक्षा पद्धति बदले। इनमें अनेक लोग हैं जो देश और समाज की चोटी पर हैं। लेकिन आज तक देश में जो हमारी शिक्षा पद्धति है उसमें परिवर्तन नहीं हुआ। आखिर कारण क्या है? यह बहुत दुःख की बात है। शिक्षा का उद्देश्य मेरे खयाल से स्वामी विवेकानन्द ने जो कहा था कि हम लोग भारतवर्ष में कैसे लोग चाहते हैं? लोहे की जिनकी हड्डियों हों और इस्पात को धमनियां हों। बोनस आफ आयरन एण्ड नर्व्स आफ स्ट्रेन। ऐसे नौजवान हम पैदा कर रहे हैं। यह सही है कि युवा कांग्रेस की रैली होती है और लोहा लेकर डंडे लेकर आते हैं और ट्रेन में जब चलते हैं तो खोंमचे वालों को लूटते हुए, दुकानों को लूटते हुए यहां से बम्बई को चलते हैं।

इस प्रकार की उच्छंखलता का वातावरण आप पैदा कर रहे हैं। आपने यूथ रैल की, नौजवानों को बुलाया, लेकिन उनके अंदर साहस नहीं है। मैं कह रहा हूं कि शिक्षा की दृष्टि से आप इसमें कुछ परिवर्तन लाइए।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि शिक्षा का उद्देश्य क्या हो।

**श्री राजनारायण**: आपको मालूम है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद् के कैंडीडेट 12–13 हजार वोटों से जीते है।

**श्री रामकृपाल सिंह**: तो मैं कह रहा था शिक्षा का उद्देश्य इनका ध्येय नहीं है। अगर कोई नई चीज लाते, नया विचार लाते, देश के सामने नया आदर्श स्वरूप खड़ा करने की बात करते तो मुझे खुशी होती। लेकिन यह जो आप लाए हैं यह आउट आफ डेट है, नया विचार नहीं है। आपको मालूम है कि नई युनिवर्सिटी बनाने में कितना खर्चा होता है। उस पर 10 करोड़ रुपए के करीब खर्चा आएगा और लगभग 4 करोड़ रुपए हर साल उस पर खर्चा होगा। क्या जरूरत है इसकी? अगर आप नए ढंग से सोच कर यह युनिवर्सिटी बनाते तो मैं इसका स्वागत करता। युनिवर्सिटी हैदाराबाद में बनाएं यह अलग चीज है, लेकिन उसका दृष्टिकोण बदलना चाहिए।

आप एक युनिवर्सिटी बना रहे हैं लेकिन सारे देश में युनिवर्सिटी की स्वायतत्ता पर कडा प्रहार किया जा रहा है। आज विहार में क्या हो रहा है? वहां की युनिवर्सिटी में आज 30 कालिज और युनिवर्सिटी के शिक्षक मीसा के अंदर जेल के शिकंजे में बंद हैं। अभी बिहार सरकार ने आदेश जारी किया है उनकी बहाली के, उनके स्थानान्तरण का, उनकी सर्विस कंडीशन्स का, उनकी सेवा शर्तों का। मैं समझता हूं यह उनका जारसाही परमाए है। वहीं पर आरा में एक क महिला शिक्षक को भी इन्होंने मीसा के अंदर गिरफ्तार करके बंद कर रखा है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यही शिक्षा है?

परीक्षा की पद्धति के बारे मे भी मंत्री महोदय ने बताया। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 'स्टैण्डर्ड आफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च' यह हमारे कंस्टीट्युशन की कंक्रीट लिस्ट में है। आज हायर एजुकेशन एंड रिसर्च का विहार में क्या हाल हो रहा है? आज बिहार में युनिवर्सिटी के टीचर्स को मीसा के

[श्री रामकृपाल सिंह]

अंदर जेल के शिकंजों में बंद किया गया है और युनिवर्सिटी में पुलिस बैठा दी गई है। हर परीक्षा केंद्र पुलिस चौकी बना दी गई है। घरों में बस भेज कर विद्यार्थियों को बुलाया गया है। जो सरकारी पदाधिकारी हैं उनको डराया धमकाया गया है। उनके बच्चों को खुली छूट दी गई है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं उनको कापियां दे दी है और कह दिया कि इसे तुम घर ले जाओ और कल को घर से लिख कर इसे ले आना। दूसरे दिन उनकी कापियां जमा हो जाती हैं।

मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि मेरे कालिज में, बिहार युनिवर्सिटी में 4 शिक्षक इसलिए मीसा के अंदर जेल चले गए; क्योंकि उन्होंने परीक्षा हाल के अंदर कमीशनर रैंक का इनविजीलेटर छात्रों की अंग्रेजी के द्वितीय पत्र में मदद कर रहा था। शिक्षकों ने ऐसा करने के लिए रोका भी लेकिन वह नहीं माना। इस पर पुलिस के लोग भीतर घुस आए और परीक्षा हाल में ही लाठी चार्ज हो गई तथा चार प्रोफेसरों को मीसा के अंदर गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। यह है आपकी शिक्षा का हाल। इस प्रकार की शिक्षा का हाल होते हुए आप नई-नई युनिवर्सिटी खोल रहे हैं। मैं जानना चाहता हूं इसमें तथ्य क्या हैं?

तीसरे, हमारा जो पाठ्यक्रम है, शिक्षा की पद्धति में जो पाठ्यक्रम रखा गया है या शिक्षा देने की इम्पार्टिंग आफ एजुकेशन डिसीमिनेशन आफ नालेज की जो पद्धति है या जो परीक्षा की पद्धति है यह सब आउट आफ डेट हो चुकी है। मैं बताना चाहता हूं कि किसी छोटे विश्वविद्यालय में ईंट और चूना लगाने से कोई बड़ा विश्वविद्यालय नहीं हो जाता।

मैं यह कहना चाहता हूं कि विश्वविद्यालय बना देने से हमारे देश की शिक्षा जगत की समस्याएं हल नहीं हो सकती है। Bricks and mortar do not make a university. अब आप 10 करोड़ रुपये इस विश्वविद्यालय पर खर्च करेंगे। इससे इमारतें बनेंगी और दूसरी चीजें भी बनाई जाएंगी। लेकिन Big structures are not going to produce a great nation. इसलिए मैं कहता हूं कि युनिवर्सिटी के बारे में आप गहराई से विचार कीजिये। एक युनिवर्सिटी बनाने से कुछ नहीं होगा। Great nation cannot be built by dwarfs, small minds.

दूसरी बात यह है कि आज इस देश के अन्दर जितनी युनिवर्सिटीज और कालेजेज हैं उनसे एफिलिएटेड जो कालेज हैं उनके शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। चौथी पंचवर्षीय योजना में युनिवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन के द्वारा दिये गये संशोधित वेतनमान लागू हो गये, लेकिन अभी तक छः-छः और सात-सात महीनों तक कालेजों के शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा है, उनका भुगतान नहीं हो रहा है और उनको महंगाई भत्ता नही मिल रहा है। लेकिन आप एक विश्वविद्यालय के निर्माण पर 10 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहे हैं। तीन करोड रुपये सालाना उस पर खर्च होगा और इस प्रकार से 13 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंत्री महोदय स्वयं इस बात को बतलाएंगे कि अगली पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जो संतुति दी है कि हम संशोधित वेतनमान लागू करेंगे और

उसमें 80 प्रतिशत केन्द्रीय सरकार देगी और 20 प्रतिशत प्रान्तीय सरकारें देंगी, उस पर कुल कितना खर्च होगा? जहां तक मुझे मालूम है, इस पर 22 कारोड़ रुपये खर्च होंगे। सारे हिन्दुस्तान के सभी एफिलिएटेड कालेजों और युनिवर्सिटी के शिक्षकों पर सरकार को 22 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ेंगे और 7-8 करोड़ रुपये प्रान्तीय सरकारों को खर्च करने होंगे। जब आप विश्वविद्यालयों पर इतना खर्च कर रहे हैं तो यह सात आठ करोड़ रुपये भी भारत सरकार को ही वहन करने चाहिएं और इस प्रकार से शतप्रतिशत राशि देकर सभी कालेजों में नए वेतनमान लागू करने चाहिएं।

इसके साथ-साथ जहां तक विश्वविद्यालयों के प्रशासन का संबंध है, मैं कहना चाहता हूं कि उसमें छात्रों का भी हिस्सा होना चाहिए। मैंने इसको पढ़ा है और इसमें आपने थोड़ा प्रोविजन भी किया है। विश्वविद्यालयों के प्रशासन में जो अमले देखने को आते हैं, उन्हें भी समाप्त करने की आवश्यकता है। चूंकि आज भिन्न-भिन्न विश्वविद्यालयों में भिन्न पद्धतियां हैं और विश्वविद्यालय के प्रशासन में छात्रों का हिस्सा भी संतोषप्रद नहीं है और सारे देश के अन्दर आज जो युवा असंतोष है, जो आग भड़क रही है, उसका क्या कारण है, इसको भी हमें देखना होगा। हमारे देश में जो विद्या के मंदिर हैं उनमें असंतोष प्रबल है और युवा पीढ़ी की जो आशाएं और आकांक्षाएं हैं, जो उनके उद्वेग हैं, उनको खुल कर आगे आने का मौका नहीं मिल रहा है। उनकी जो विचारधाराएं हैं उनको खुल कर खेलने का मौका नहीं मिल रहा है, उनको राइट चैनल, सही ढंग की सरिता बहने के लिए नहीं मिल रही है, जहां वे अपनी शक्ति के साथ प्रवाहित हो सकें। हमें इन बातों पर गौर करना चाहिए। इसके साथ-साथ तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी शिक्षा रोजगारोन्मुख नहीं है। शिक्षा राष्ट्र की सम्पत्ति होती है, राष्ट्र का चरित्र शिक्षा से ही बनता है। न इससे ज्ञान होता है, न इससे एकता आती है इसलिए 4 फण्डामेंटल प्रिन्सिपल्स आफ एजुकेशन आप याद रखिए—ज्ञान, चरित्र, एकता, राष्ट्र भक्ति—और इन चारों में जोड़ दीजिए—जाब ओरियन्टेड और इम्प्लायमेन्ट ओरियन्टेड। मुझे गांधी जी स्मरण आते हैं। मैंने गांधी जी के बारे में थोड़ा बहुत पढ़ा है और मैं समझता हूं इस देश में नाथू राम गोडसे ने ही केवल गांधी जी को गोली से नहीं मारा, लेकिन उन लोगों ने गांधी जी के सिद्धांतों की हत्या की जिन्होंने गांधी जी के नाम पर जनता से वोट पाए। आखिर सभी तो अमर नहीं हैं, कभी मरना होगा, लेकिन सिद्धांत अपनी जगह पर है। तो गांधी जी ने शिक्षा के बारे में जो बातें कहीं थीं उसमें उन्होंने श्रम की बात कही—शरीर और श्रम। शारीरिक श्रम का हमारी शिक्षा पद्धति में कोई स्थान नहीं है। जाब ओरियेन्टेड कहां से होगा जब सभी लोग क्लर्क बनना चाहते हैं? इसलिए यह मौलिक प्रश्न है और जब तक आप इस पर गहराई से विचार नहीं करेंगे आप तमाम युनिवर्सिटीज, एक-दो-तीन-चार, पोलिटिकल बेसिस पर, खोलते चले जाएंगे और इसका कोई असर नहीं होगा।

[श्री रामकृपाल सिंह]

शिक्षा की भाषा अपने देश में देशीय भाषा होनी चाहिए। हमारे देश में अभी भी शिक्षा की भाषा अंग्रेजी चल रही है। यदि बंगाल में युनिवर्सिटी है तो बंगला भाषा में शिक्षा हो, तामिल नाडु में हो तो तमिल भाषा में हो, इसी प्रकार महराष्ट्र में मराठी, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी हो, जिस प्रदेश की जो भाषा हो उसमें हो। लेकिन आज भी युनिवर्सिटी और रिसर्च के स्तर पर हमारे अधिकांश युनिवर्सिटियों की भाषा वह नहीं है। इसलिए मैं चाहूंगा, जैसा कि दक्षिण में हिंदी का प्रचार गांधी जी ने किया था, तो या तो हिंदी माध्यम से हो नहीं तो आप तेलगू में करें तो भी मैं समझता कि आंध्र प्रदेश की भाषा में कर रहे हैं। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि हमारे शिक्षा विभाग में एक सेल है, सेन्ट्रल एजुकेशन कमेटी है और प्रधान मंत्री उसकी सदस्या हैं, चेयरमैन रही हैं। जवाहरलाल नेहरू ने भी कहा था कि दक्षिण में जब एक विश्वविद्यालय होगा तो हिन्दी विश्वविद्यालय खोला जाएगा। यह सेन्ट्रल एडवाइजरी एजुकेशन कमेटी की रिपोर्ट है। उसमे जिक्र किया गया है कि...

**उपसभाध्यक्ष (श्री बिपिनपाल दास):** अब समाप्त कीजिए।

**श्री रामकृपाल सिंह** : हो रहा है। 2 मिनट चाहिए। अब इस युनिवर्सिटी को आप हिन्दी युनिवर्सिटी बनाते तो मैं समझता कि आप कोई नया काम कर रहे हैं नेशनल इन्टिग्रेशन की दृष्टि से, भावात्मक एकता की दृष्टि से। यदि विचार किया होता तो एक नयी बात होती। लेकिन मैं जानना चाहूंगा उस विचार का क्या हुआ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIPINPAL DAS) : We must close the discussion at six O'clock.

**श्री रामकृपाल सिंह** : 2 मिनट आपने दिया है। एक बात महत्व की है कि हमारे विश्वविद्यालय में और समाज में आज ऐक्य नहीं है, रिलेशन नहीं है, संबंध नही है, कम्युनिकेशन नहीं है। आज हमारे देश में इतने वर्ष स्वराज्य प्राप्त किए हो गए, हमने संविधान में कहा कि हम किसी को निरक्षर नहीं रहने देंगे, लेकिन आज तक भी हम निरक्षरता निवारण नहीं कर सके। मैं चाहूंगा, आज तमाम युनिवर्सिटियों और कालेजेज की एरिया बांट दी जाए, एक-एक गांव, एक-एक जिला एक युनिवर्सिटी को दिया जाए। उसमें पढ़ने वाले लड़कों से कहा जाए कि इतने निरक्षर लोगों को तुमको साक्षर बनाना पड़ेगा। मैं एक सुझाव देना चहा रहा हूं कि साक्षरता का यदि प्रचार करना है तो निरक्षरता समाप्त करनी है। It must be related to the universities and colleges of our country. एक-एक छात्र जो हमारे हैं उनकी मार्फत यह अभियान चलाया जाए। यदि इस तरह का एक विज़न इस हैदराबाद विश्वविद्यालय विधेयक में रहता तो मुझे खुशी होती।

दूसरी बात यह है कि हमारी युनिवर्सिटीज में आज ताप अधिक है, प्रकाश की कमी है —

We generate more heat than light.

तो मैं निवेदन करूंगा, इन सारी बातों पर गहराई से विचार करिए। अनावश्यक ढंग से इस ऐक्ट में एक वाइस चांसलर, एक चीफ रेक्टर, प्रौक्टर, वाइस चांसलर—कई

वाइस चान्सलर, कई प्राक्टर, कई प्रो-वाइस चान्सलर—यानी एक बैटेलियन आफ आफिसर्स का निर्माण किया गया है। जब इस बिल पर क्लाज वाइस डिसकशन होगा और मेरी अमेंडमेंट्स आएंगी तब मैं बोलूगा लेकिन मैं चाहूंगा मैंने जो सुझाव दिए हैं उन पर गहराई से विचार करें। केवल 95 की जगह 96 युनिवर्सिटी खोलने से कोई उपयोगिता नहीं है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIPIN-PAL DAS) : The discussion on the Bill will continue tomorrow. Mr. Shekhawat.

---

6 P.M.

**HALF-AN-HOUR DISCUSSION ON POINTS ARISING OUT OF ANSWER TO UNSTARRED QUESTION NO. 41 GIVEN ON THE 22ND JULY, 1974 *RE* CHEMICAL COMPLEX AT SAMBHAR IN RAJASTHAN**

**श्री भैरों सिंह शेखावत** (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, एक प्रश्न के उत्तर में पैट्रोलियम और रसायन मंत्री जी ने यह उत्तर दिया था।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIPIN-PAL DAS ): Mr. Shekhawat, I will close this discussion just at 6.30. If you want the Minister to reply you control your time accordingly.

**श्री भैरों सिंह शेखावत** : दो मिनट तो इस बीच में हो गये हैं। तो मंत्री जी ने यह उत्तर दिया था :—

"M/s. Hindustan Salts Ltd., Jaipur, a Public Sector Undertaking, have submitted two applications for grant of industrial licence under the Industries (D & R) Act, 1951, for setting new units at Sambhar in the State of Rajasthan for manufacture of the following items for capacities against each item :

Soda Ash
Ammonium Chloride
Caustic Soda
Liquid Chlorine
Benzene Hexachloride
Bleaching Powder
Phosphoric Acid

The Company also proposes to set up a Sodium Sulphate Recovery Plant with an installed capacity of 15,000 tonnes/year and a Salt Washery for 1,00,000 tonnes/year."

"सी" के उत्तर में कहा था No. Sir.

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि 1950 में हिन्दुस्तान की सरकार और राजस्थान सरकार के बीच में एक समझौता हुआ था और उस समझौते के अनुसार सांभर लेक, जहां पर नमक का उत्पादन होता है, वह भारत सरकार को लीज पर दे दिया गया। 1960 में भारत सरकार ने हिन्दुस्तान साल्ट्स कंपनी का गठन किया और उस गठन के समय राजस्थान सरकार का विरोध रहा। राजस्थान सरकार ने कोई अनुमति नहीं दी कंपनी बनाने के लिए और राजस्थान सरकार को जो रायल्टी मिलती थी उस रायल्टी को भी बन्द करने का निर्णय लिया। राजस्थान सरकार और हिन्दुस्तान की सरकार के बीच एक विवाद बढ़ गया और उस विवाद का निबटारा कराने के लिए श्री वी० टी० कृष्णमाचारी को आर्बिट्रेटर नियुक्त किया गया। श्री वी० टी० कृष्णमाचारी ने अपना निर्णय दिया और उस निर्णय के अनुसार मैं सब बातों की ओर सदन का ध्यान तो आकृष्ट नहीं करना चाहता हूं और न समय बरबाद करना चाहता हूं, लेकिन